# जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

www.dainikjagranmpcg.com ✹ आष्टा ✹ भैरूंदा ✹ बुधनी ✹ बैरछा ✹ शुजालपुर ✹ सोनकच्छ ✹ कालापीपल ✹ हाटपीपल्या ✹ खातेगांव सीहोर, 02 मई 2026

## न्यूज कार्नर

### पूर्व मंत्री पटेल को पूर्व नपाध्यक्ष ने दी बधाई



**सीहोर।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने पूर्व मंत्री एवं ऑल इंडिया कांग्रेस सदस्य कमलेश्वर पटेल को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहाकि ईश्वर से प्रार्थना है कि आप सदैव स्वस्थ, सुखी एवं ऊर्जावान रहें तथा जनसेवा के पथ पर निरंतर अग्रसर रहें।

### बारिश से बचाने त्वरित व्यवस्थाएं करें: कलेक्टर



**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर हो रहे गेहूं उपार्जन को संभावित असामयिक वर्षा से सुरक्षित रखने के लिए कलेक्टर श्री बालागुरु के. ने जिले के सभी उपार्जन केंद्रों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में बारिश की संभावना जताई गई है, ऐसे में उपार्जित गेहूं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। कलेक्टर बालागुरु के ने निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्रों पर संग्रहित गेहूं का शीघ्र परिवहन कर सुरक्षित गोदामों में भंडारण किया जाए। आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त ट्रकों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। साथ ही किसानों से खरीदी जा रही उपज की तौल में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त कांटे एवं श्रमिकों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

### शिक्षा विभाग ने जारी की समय-सारिणी

**सीहोर।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग, लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं एवं 11वीं की द्वितीय परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। कक्षा 9वीं की परीक्षा 3 जून से शुरू होगी और 12 जून तक चलेगी, जबकि कक्षा 11वीं की द्वितीय परीक्षा भी 3 जून से शुरू होगी और 13 जून को समाप्त होगी। परीक्षा को लेकर संचालनालय द्वारा दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। वार्षिक परीक्षा में एक या एक से अधिक विषयों में अनुपस्थित/अनुत्तीर्ण विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। कक्षा 9वीं में गणित विषय की परीक्षा विद्यार्थियों द्वारा माध्यमिक शिक्षा मण्डल के नामांकन में चयनित गणित / गणित के अनुसार आयोजित की जाएगी।

### प्रवासी कार्यकर्ताओं ने निभाई सक्रिय भूमिका

**सीहोर।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं ने प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में लगभग दो माह तक सक्रिय भूमिका निभाते हुए संगठनात्मक मजबूती का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

गाय का चमड़ा मिलने के बाद भी प्रशासन और पुलिस ने नहीं की है अल्फा प्रोटीन के मालिक पर कार्रवाई

# बजरंग दल की खुली चेतावनी: प्रशासन कार्रवाई करे, नहीं तो डालेंगे ताला

**जागरण, सीहोर।** ग्राम कांकरखेड़ा स्थित अल्फा प्रोटीन्स प्रायवेट लिमिटेड द्वारा अपने उत्पादों में गौवंश की चर्बी का उपयोग किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले में कांग्रेस पार्टी पहले ही उग्र आंदोलन कर फैक्ट्री प्रबंधन पर कठोर कार्रवाई की मांग कर चुकी है, तो वहीं अब बजरंग दल भी इस मामले को लेकर फैक्ट्री प्रबंधन पर हमलावर है। बजरंग प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य विवेक राठौर ने एक बयान जारी कर जिला प्रशासन से दो दिन में इस फैक्ट्री के मालिक और इसके पूरे प्रबंधन पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है और ऐसा ना किए जाने पर दो दिन बाद फैक्ट्री में ताला लगाकर उसे बंद करने की बात कही है।



श्री राठौर ने कहा कि विगत दिनों कोलकाता से अल्फा प्रोटीन्स प्रायवेट लिमिटेड जा रहा एक ट्रक बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा पकड़ा गया था, जिसमें भारी मात्रा में गौवंश का चमड़ा चोरी छिपे इस फैक्ट्री में ले जाया जा रहा था। इस ट्रक के पकड़े जाने से शहर में हड़कंप मच गया था, क्योंकि अल्फा प्रोटीन्स फैक्ट्री फूड सप्लीमेंट्स और प्रोटीन पाउडर का निर्माण करती है और इस ट्रक के पकड़ाने से ये सच सामने आया था कि वो इनको बनाने में गौवंश सहित अन्य जानवरों की चर्बी का उपयोग करती है। अल्फा प्रोटीन्स के बनाए उत्पादों का उपयोग सीहोर सहित आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में करते हैं, लेकिन इसमें गौवंश सहित अन्य जानवरों की चर्बी और घातक रसायनों का इस्तेमाल होने से इन सभी में भय व्याप्त है तथा इनके स्वास्थ्य पर भी गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

अनुभवी जानकारों के अनुसार इस तरीके से फूड सप्लीमेंट्स और प्रोटीन पाउडर बनाने में बहुत ही जहरीले रसायनों का उपयोग किया जाता है, जो शुरुआत में तो शरीर की क्षमता बढ़ाते है, लेकिन धीरे धीरे शरीर को अंदर से खोखला कर देते हैं और बाद में इनका उपयोग करने वाले व्यक्ति को कैंसर सहित अन्य घातक रोग हो जाते हैं तथा समय पर उपचार ना मिलने से व्यक्ति का शरीर बहुत अधिक कमजोर हो जाने से उसकी मृत्यु भी हो सकती है। श्री राठौर ने आगे कहा कि ऐसी जहरीली फैक्ट्रियों से ना केवल इंसानों को बल्कि पशु, पक्षियों, वनस्पतियों सहित पूरे पर्यावरण को भी गंभीर खतरा उत्पन्न होता है।

ऐसी फैक्ट्रियों से निकलने वाला केमिकल युक्त गंदा पानी तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थ जमीन में मिलकर जमीन की उर्वर क्षमता कम कर उसे जहरीला बनाते हैं और पेयजल स्त्रोतों को भी दूषित करते हैं तथा ऐसा पानी पीने से भी लोगों को कई गंभीर बीमारियां होती हैं। इससे वनस्पतियों, जीव जंतुओं, पशु पक्षियों तथा पेड़ पौधों को भी भारी नुकसान होता है तथा वायु प्रदूषण होने के साथ ही पर्यावरण संतुलन भी बिगड़ता है। ऐसी फैक्ट्रियों के उत्पादों में गौवंश के मांस का उपयोग होने से लोगों की धार्मिक भावनाएं भी आहत होती हैं तथा उनकी धार्मिक आस्था को भी गहरी चोट पहुंचती है, क्योंकि सनातन धर्म में गाय की पूजा की जाती है और उसे माता का दर्जा प्राप्त है। गौमाता का अपमान और इस प्रकार से उसकी हत्या करना बजरंग दल द्वारा बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसे विधर्मियों को कानून द्वार सजा दिलाने के अलावा बजरंग दल भी इनके ऊपर खड़ा एक्शन लेगा। विवेक राठौर ने कहा कि इस प्रकार ऐसी जहरीली फैक्ट्रियां संपूर्ण मानव जाति के अस्तित्व पर ही गंभीर संकट खड़ा कर देती हैं और बजरंग दल ये कतई बर्दाश्त नहीं करेगा तथा दो दिन में इस पर जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई ना किए जाने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता स्वयं मैदान में उतरेंगे और इस फैक्ट्री में ताला लगाकर इसे बंद कर दिया जाएगा।

#### रसूखदारों के संरक्षण में करता है अनैतिक कार्य

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस फैक्ट्री के मालिक को जिले सहित प्रदेश के बड़े नेताओं और रसूखदारों का समर्थन हासिल है, जिनके संरक्षण के कारण ये बेखौफ होकर ऐसे अनैतिक कार्य करता है और इसके ऊपर कार्रवाई करने की हिम्मत किसी में नहीं है। वहीं इस पूरे मामले में क्षेत्रीय विधायक और प्रदेश के सबसे ईमानदार नेताओं में शुमार राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा की चुप्पी समझ से परे है, क्योंकि ये फैक्ट्री उनके ही विधानसभा क्षेत्र में आती है और उनके गृह ग्राम से महज कुछ ही दूरी पर स्थित है, लेकिन इतना बड़ा मामला सामने आने के बाद भी करण सिंह वर्मा की चुप्पी लोगों को बहुत खल रही है क्योंकि ये ना केवल लोगों के स्वास्थ्य बल्कि उनकी आस्था से भी जुड़ा मामला है और जनता के मन में इसे लेकर काफी आक्रोश है तथा जनता अब इस मामले में ठोस कार्रवाई किए जाने की उम्मीद कर रही है। बजरंग दल के खुलकर इस फैक्ट्री के विरोध में आने तथा कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को दो दिन का समय दिए जाने तथा दो दिन में कार्रवाई ना होने पर तालाबंदी करने की बात कहने से अब लोगों में इस फैक्ट्री पर कार्रवाई की उम्मीद जागी है। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन इस मामले में क्या रुख अपनाता है, सभी की निगाहें अब इसी ओर लगी हुई हैं।

# लापरवाही : मुरली क्षेत्र में हजारों लीटर पानी व्यर्थ बहा



**जागरण, सीहोर।** शहर जहां एक-एक बूंद पानी के लिए संघर्ष कर रहा है, वहीं नगर पालिका की लापरवाही के कारण हजारों लीटर पेयजल सड़कों पर बह रहा है। शुक्रवार को मुरली क्षेत्र स्थित पानी की टंकी एक बार फिर ओवरफ्लो हो गई। विडंबना यह है कि भीषण गर्मी के इस दौर में यह घटना पहली बार नहीं हुई है, बल्कि बार-बार हो रही है, फिर भी जिम्मेदार कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं। टंकी भरने के बाद समय पर मोटर बंद न होने से पानी सड़कों पर सैलाब बन गया। शहर के अधिकांश हिस्सों में तीसरे दिन पानी मिल रहा है, ऐसे में यह बर्बादी जनता के साथ क्रूर मजाक है। जल संकट का फायदा उठाकर निजी टैंकर संचालक मनमाने दाम ले रहे हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि टंकी का बार-बार ओवरफ्लो होना इस बात का पुख्ता सबूत है कि संबंधित कर्मचारी और अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल साबित हो रहे हैं। भीषण गर्मी में जब जलस्तर गिर रहा है, तब इस तरह की बर्बादी किसी अपराध से कम नहीं है। कहा और माना जाता है कि जल ही जीवन है, यह केवल एक नारा नहीं बल्कि आज की कढ़वी सच्चाई है। सीहोर में गहराते जल संकट को देखते हुए हमें पानी का महत्व समझना होगा, धरती पर पीने योग्य पानी बहुत कम है। सीहोर के जल स्रोत (जैसे डैम और नलकूप) गर्मी के कारण तेजी से सूख रहे हैं। आज हम जो पानी बर्बाद कर रहे हैं, वह भविष्य में हमारे बच्चों की प्यास छीन रहा है।उल्लेखनीय है कि पानी बचाना ही पानी बनाना है। यदि नगर पालिका प्रबंधन और नागरिक जागरूक नहीं हुए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है जिम्मेदार अधिकारी इस लापरवाही पर तुरंत संज्ञान लें और दोषियों पर कार्रवाई करें। साथ ही नागरिक भी पानी का संचय करें और बर्बादी रोकें। मई की शुरुआत होते ही जिले में जल संकट गहरा गया है। जिले के हालात इतने खराब हैं कि महिलाओं को पानी के लिए पैदल मार्च तक करना पड़ रहा है। प्रशासन के तमाम दावों के बीच जमीनी हकीकत प्यासी नजर आ रही है।

शहर की जीवनदायिनी मानी जाने वाली सीवन नदी इस समय पूरी तरह सूख चुकी है। नदी की सिकुड़ती धारा और प्रदूषण ने संकट को और बड़ा दिया है। जो नदी कभी शहर की प्यास बुझाती थी, आज वह खुद पानी के लिए तरस रही है। जिले में भूजल स्तर खतरनाक स्तर तक गिर चुका है। रिपोर्ट के अनुसार कई क्षेत्रों में जल स्तर 10 से 20 मीटर से भी नीचे चला गया है। अंधाधुंध नलकूप खनन में पानी के अत्यधिक दोहन को इसका मुख्य कारण माना जा रहा है। जिले में हैंडपंपों का बुरा हाल है बड़ी संख्या में हैंडपंप या तो सूख चुके हैं या तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़े हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बाद भी सुधार कार्य में देरी हो रही है। पचामा, रोला और आलमपुरा जैसे गांवों में महिलाएं 4 किमी दूर झिरी से गंदा पानी छानकर पीने को मजबूर हैं। 2026 के अनुमानों के अनुसार, सीहोर शहर की कुल आबादी एक लाख से ज्यादा पहुंच चुकी है। जिले की स्थिति देखे तो 2011 की जनगणना के आधार पर जिले की कुल आबादी 13 लाख से अधिक थी, जो अब काफी बढ़ चुकी है। बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में जल संसाधन सीमित होते जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्ट्रेट में महिलाओं के प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है, लेकिन जब तक नर्मदा लाइन का काम पूरा नहीं होता, सीहोरवासियों को इस भीषण गर्मी में जल संकट से लड़ना ही होगा।

# चारों महानगरों तक सीधी रेल सेवा की मांग की




**जागरण, सीहोर।** जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों का एक प्रतिनिधिमंडल सीहोर रेलवे स्टेशन पहुंचा, जहां रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष को संबोधित एक ज्ञापन स्टेशन प्रबंधक जेएस मिश्रा को सौंपा गया, जिसके माध्यम से कांग्रेसजनों ने उनसे एनएसजी-4 कैटेगरी में शामिल हिंदुओं की धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र सीहोर रेलवे स्टेशन की रैंकिंग सुधारकर एनएसजी-1 करवाने हेतु यहां से गुजरने वाली सभी ट्रेनों का सीहोर स्टेशन पर ठहराव तथा सीहोर से चारधाम, चारों महानगरों (दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई), बारह ज्योतिर्लिंगों और अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, हरिद्वार, गया आदि के लिए नई ट्रेनें शुरू करने सहित हाऊसिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज की डिजाइन में बदलाव करने के दोषियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

### सहकारिता के पथप्रदर्शक यादव को दिया दिल से सलाम

**सीहोर।** गुरुवार को एक ऐसे कर्मयोगी के सम्मान की साक्षी बनी, जिसने पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ सहकारिता के क्षेत्र में अपना जीवन समर्पित कर दिया। जिला सहकारी बैंक शाखा से सेवानिवृत्त हुए वरिष्ठ नेता चंपालाल यादव को शहरवासियों ने जिस भव्यता और आत्मीयता के साथ स्वागत सम्मान किया वह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन के दिलों में बसे उनके प्रति सम्मान और प्रेम की सजीव अभिव्यक्ति थी। जैसे ही शाम ढली और चंपालाल यादव सीहोर पहुंचे, पूरा शहर मानो उनके स्वागत में उमड़ पड़ा। बाल विहार मैदान से प्रारंभ हुआ भव्य जुलूस ढोल-नगाड़ों की गूंज, उत्साह से भरे नारों और स्नेहिल मुस्कानों के साथ शहर की प्रमुख सड़कों से गुजरा। हर मोड़, हर चौक पर लोगों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया, सिर पर साफा बांधकर उन्हें सम्मानित किया। यह दृश्य केवल एक विदाई नहीं, बल्कि एक युग के सम्मान का प्रतीक बन गया।

### क्रिसेंट वारियर्स ने इंटीग्रिटी को तीन विकेट से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर विमला देवी स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को एक तरफा मुकाबले में क्रिसेंट वारियर्स ने इंटीग्रिटी सल्युशन को तीन विकेट से हराया। इस मैच में सल्युशन की ओर से आदिल खान ने 51 गेंद पर 54 रन, विकास सास्ता 42 रन बनाए थे। इस मौके पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे भागवत कथा वाचक पंडित शिवम मिश्रा आदि ने संबोधित करते हुए कहाकि इतनी भीषण गर्मी के मध्य खेलना हौसले की बात है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंटीग्रिटी सल्युशन ने 32.1 ओवर में दस विकेट खोकर 181 रन बनाए थे। इसमें भविष्य त्यागी ने 35 रन, बिल्ला ने 26 रन, यश कुशवाहा, 40 रन, रोहन चंद्रवंशी ने 42 रन बनाए थे। इसके अलावा गेंदबाजी करते हुए क्रिसेंट की ओर से आदर्श राय ने तीन विकेट लिए।

### इस बार होंगे दो ज्येष्ठ मास पुरुषोत्तम मास का संयोग

**सीहोर।** इस बार वर्ष 2026 में 2 ज्येष्ठ मास होंगे, इस बार ज्येष्ठ मास का प्रारंभ आज शनिवार विशाखा नक्षत्र से आरंभ होगा और 59 दिन की अवधि के साथ 29 जून सोमवार तक रहेगा। पुरुषोत्तम अधिक मास 17 मई रविवार से 15 जून सोमवार सोमवती अमावस्या तक रहेगा। हिंदू नववर्ष विक्रम संवत् 2083 के अनुसार ज्येष्ठ पुरसोत्तम अधिक मास पुण्यकारी पवित्र महीना है इस ज्येष्ठ मास की अवधि में गंगा दशहरा जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक उत्सव मनाए जाएंगे। भगवान सूर्य और चंद्रमा की एक राशि से दूसरी राशि में भ्रमण गति में अंतर के कारण हिन्दू पंचाग में एक अतिरिक्त मास की आवश्यकता होती है। पुरुषोत्तम ज्येष्ठ मास जगत पालक भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष पूजा, जप, तप, ध्यान और व्रत अनुष्ठान के लिए समर्पित है।

# शुगर मिल की जमीन पर बाहुबलियों का कब्जा हक दिलाने के लिए लड़ते रहेंगे लड़ाई : गुजराती




**जागरण, सीहोर।** मजदूर दिवस पर राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक ने बीएसआइ के 90 मृतक मजदूरों को श्रंद्धाजली दी और बुजुर्ग मजदूरों का अंगवस्त्रम भेंटकर फूल मालाऐं पहनाकर सम्मान किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीते कई सालों से संघर्ष कर रहे मजदूरों को हक दिलाने के लिए अंतिम समय तक लड़ाई लडने् का संकल्प लिया। कार्यक्रम इंटक महामंत्री जयमलसिंह राजपाल की अध्यक्षता और जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के मुख्य अतिथिय में सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक ने कलेक्टर को शुगर फैक्ट्री बी.एस.आई.लि. कम्पनी के कृषि फार्मस एवं कृषि आधारित उद्योग शुगर एवं सोया प्लान्ट के श्रमिकों को सीलिंग की भूमि के आवंटन में प्राथमिकता देने और भूमि से दबंगों, बाहूबलियों, भूमाफियाओं, एवं राजनेताओं व प्रभावशाली व्यक्तियों का कब्जा हटवा कर 5-5 एकड़ भूमि जीवन यापन के लिए देने की मांग को लेकर ज्ञापन भी दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि शुगर फैक्ट्री के श्रमिक परिवार आर्थिक संकटों के दौर से गुजर रहे है बीएसआई के लगभग 90 श्रमिको की अबतक मृत्यु हो गई है। देश का सबसे बढ़ा मजदूरों का आंदोलन सीहोर में हो चुका है। शुगर फैक्ट्री की इस सीलिंग भूमि पर सरकार राजस्व विभाग सहित अवैध कब्जे धारियों की मिली भगत से प्रभावशाली व्यक्तियों ने अवैध कब्जा कर लिया है। यह लोग करोड़ो रूपयों का लाभ उठा रहे है वही दूसरी ओर वास्तविक मजदूरों के परिवार भूखे मर रहे है। अवैध कब्जेधारियों ने सीलिंग की जमीन पर आलीशान मकानों का, दुकानों का, ढ़ाबों होटलों मेरिजगार्डन का निर्माण कर लिया है। सीलिंग एक्ट (कृषि) का उल्लंघन हो रहा है। वास्तविक भूमिहीन एवं कृषि श्रमिकों को जो बीएसआई.लि. के कृषि फार्मो के शुगर व सोया प्लांट से सम्बन्धित है उन श्रमिकों को भूमि के बंटन का 5-5 एकड़ का प्राथमिक अधिकार दिलाया जाना चाहिए।

सीहोर साइलो केंद्र पर किसानों की शामत : चिलचिलाती धूप में घंटों इंतज़ार, न पानी की व्यवस्था न बैठने के लिए इंतजाम

# सायलो खरीदी केंद्र पर अव्यवस्था, अधिकारी नहीं देते किसानों को सही जवाब

**जागरण, सीहोर।** जिला मुख्यालय स्थित साइलो गेहूं खरीदी केंद्र पर इन दिनों अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने आए किसानों को यहाँ भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लगी हुई हैं, लेकिन खरीदी की गति कछुआ चाल से भी धीमी है।

किसानों का आरोप है कि केंद्र पर न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही बैठने के लिए कोई छायादार स्थान। भीषण गर्मी में किसान घंटों अपनी बारी का इंतज़ार करने को मजबूर हैं। जब किसान अपनी व्यथा लेकर केंद्र कार्यालय पहुंचे, तो वहां कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं था। कर्मचारियों ने मोबाइल पर अधिकारियों से बात कराई, तो उनका जवाब और भी निराशाजनक था। अधिकारियों ने दोटूक कहा कि जब ज्यादा ट्रॉलियां इकट्ठी हो जाएंगी, तभी खरीदी शुरू करेंगे।





अव्यवस्थाओं की कहानी

किसान पिंटू वर्मा, किसान (ग्राम बिजौरी) ने बताया कि मैं कल भी ट्रॉली लेकर आया था, लेकिन तब बताया गया कि छुट्टी है। आज फिर सुबह से खड़ा हूँ, पर अब कह रहे हैं कि देखेंगे तौलना है या नहीं। सभी किसान भाई यहाँ परेशान हो रहे हैं। अंकित राजपूत, किसान (ग्राम बावड़िया) ने बताया कि हम सुबह से यहाँ लाइन में लगे हैं। अधिकारियों का कहना है कि जब तक 100-200 ट्रॉलियां नहीं हो जातीं, तब तक वे अंदर नहीं लेंगे। हमें समझ नहीं आ रहा कि आखिर हम यहाँ क्यों आए हैं?

#### सुरक्षाकर्मियों का अभद्र व्यवहार

गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मी किसानों से लगातार बदसलूकी कर रहे हैं। वही खरीदी केंद्र से नदारद अधिकारी मोबाइल पर ही ज्यादा भीड़ होने पर खरीदी की शर्त रख रहे हैं। केंद्र पर किसानों के लिए न पानी है और न ही बैठने की कोई व्यवस्था। किसान घंटों धूप में खड़े हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि उनका गेहूं आज तुला जाएगा या नहीं। सीहोर का यह मुख्य खरीदी केंद्र अब अपनी बदहाली और अधिकारियों की लापरवाही का पर्याय बनता जा रहा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि अन्नदाता को अपनी ही उपज बेचने के लिए इस तरह की प्रताड़ना क्यों झेलनी पड़ रही है?

#### निर्देश तो दिए है, पालन नहीं

हालांकि कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्रों पर स्लॉट बुकिंग के आधार पर किसानों को निर्धारित समय पर ही बुलाया जाए, जिससे अनावश्यक भीड़ से बचा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि गेहूं खरीदी निर्धारित मापदंडों के अनुसार ही की जाए और गुणवत्ता से समझौता न हो। किसी भी प्रकार की अनियमितता या शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन कार्य के दौरान किसानों से लगातार संवाद बनाए रखा जाए और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। जिले में गेहूं उपार्जन के लिए पंजीकृत 1,02,485 किसानों में से अब तक 67,066 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किया जा चुका है। इसके साथ ही जिले के 40,000 किसानों से अब तक 02 लाख 10 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। इनमें से 56 प्रतिशत किसानों का भुगतान भी कर दिया गया है। ज्ञात रहे कि इस सायलों केन्द्र पर कोई बड़ा अधिकारी आकस्मिक निरीक्षण करे तो अव्यवस्था साफतौर पर दिखेगी।

### नशा मुक्ति एवं साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय स्थित एडीआर भवन में नशा मुक्ति तथा श्रमिकों के अधिकार एवं मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर प्रशिक्षण सह विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल ने कहा कि नशा विनाश का द्वार है, विशेषकर युवा वर्ग से नशे से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा जीवन को बर्बाद करने वाला तथा अपराधों के घटित होने का मूल कारण है। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय वैभव मंडलोई ने कहा कि पेरा लीगल वॉलिंटियर्स की विधिक सेवा गतिविधियों एवं आमजन को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्वप्नश्री सिंह द्वारा नालसा डॉन और नालसा योजना, 2015 के बारे में जानकारी दी गई।

## न्यूज कार्नर

### दीनदयाल रसोई में रसोइया का सम्मान

**जागरण** बुधनी। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर नगर परिषद बुधनी द्वारा दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत विवेकानंद बस स्टैंड स्थित रसोई केंद्र पर श्रमिकों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के श्रमवीरों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए रसोई में कार्यरत कर्मियों का सम्मान किया गया।कार्यक्रम में नगर परिषद बुधनी के योजना प्रभारी विजयपाल सेंगर द्वारा रसोई में कार्यरत श्रीमती सोनम भिलाला (रसोइया) का पुष्पमाला एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान एवं स्वागत किया गया। वहीं मां रेवा महिला स्व-सहायता समूह बुधनी की अध्यक्ष श्रीमती मीना गुप्ता द्वारा भी श्रीमती सोनम भिलाला को स्मृति चिन्ह एवं ऋतुफल भेंट कर सम्मानित किया गया। एवं श्रमिकों के योगदान को सराहते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### समर कैंप एक माह तक निरंतर चलेगा

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** शुक्रवार को मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए समर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सांदीपनि विद्यालय में भी समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य शैलेन्द्र लोया द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय सतत प्रयासरत है और समर कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं कौशल का विकास किया जाएगा। समर कैंप 1 मई से 1 जून संचालित किया जाएगा। कैंप का आयोजन प्रतिदिन प्रातः 7 से 9 बजे तक किया जाएगा।खेल, योग, कला, संगीत, नृत्य, पेंटिंग, क्राफ्ट, सांस्कृतिक गतिविधियाँ एवं डिजिटल स्टोरीटेलिंग कई गतिविधियां होंगी।

**बेचना है**
- पुराना ट्रैक्टर (1995 मॉडल) एस्कॉर्ट कंपनी
- ट्रॉली
- बोनी व बखरनी की मशीन

स्थान : बुधनी घाट, बुधनी, जिला सीहोर (मध्य प्रदेश)
संपर्क करें : 9827295351
01 से 16 may

**जमीन व प्लाट बेचना है**
वायपास से लगी हुई 1 एकड़ जमीन व नई मंडी रोड़ पर सभी साईज में प्लाट बेचना है।
नोट:-सिंचित 22 एकड़ जमीन खोट देना है।
संपर्क करे।
मो.8085401598
9982163335
11 to 10 April

**आवश्यकता है**
कंप्यूटर वर्क के लिए टेली सहित अन्य काम करने हेतु युवक- युवती की आवश्यकता है।
अनुभवी को प्राथमिकता - वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क करे।
मो. 9109589819
23 to 29 April

#### आग उगलते सूरज से हाल बेहाल

# 44 डिग्री के साथ सीजन का सबसे गर्म दिन, सड़कों पर पसरा सन्नाटा



**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** अप्रैल माह के अंतिम दौर में प्रकृति का रौद्र रूप सामने आने लगा है और शुक्रवार को क्षेत्र में भीषण गर्मी का तांडव देखने को मिला। आसमान से बरसती आग और सूर्य की तीखी किरणों ने आम जनजीवन को पूरी तरह झकझोर कर रख दिया है। पारे ने एक लंबी छलांग लगाते हुए 44 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को छू लिया। जिससे पूरा क्षेत्र भीषण लू और उमस की चपेट में आ गया। दोपहर के समय सूरज की तपन इतनी घातक महसूस हो रही है कि बाहर निकलते ही शरीर की त्वचा झुलसने लगती है और गर्म हवाओं के थपेड़े लोगों को बेहाल कर रहे हैं। इस असहनीय गर्मी के कारण न केवल दिन में बेचैनी बढ़ गई है। बल्कि रात के समय भी उमस पीछा नहीं छोड़ रही है। जिससे लोग चैन की नींद के लिए भी तरस रहे हैं। भीषण गर्मी का सीधा प्रहार नगर की चहल-पहल और व्यापारिक गतिविधियों पर भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

जैसे-जैसे सूरज चढ़ता है वैसे-वैसे सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगता है और दोपहर होते-होते मुख्य बाजार की रौनक पूरी तरह गायब हो जाती है। हालांकि वर्तमान में शादियों का सीजन यानी लग्नसरा की ग्राहकी जोरों पर होनी चाहिए। लेकिन चिलचिलाती धूप के कारण ग्राहक बाजारों से नदारद हैं। दुकानदार सुबह के समय या फिर शाम 5 बजे के बाद ही ग्राहकों की प्रतीक्षा करते नजर आते हैं। क्योंकि 44 डिग्री की इस भट्टी में कोई भी घर से बाहर निकलने का जोखिम नहीं उठाना चाहता। स्थिति यह है कि सुबह 10 बजे से ही पारा चढ़ना शुरू हो जाता है और शाम 4 बजे तक लू के हालात एक जैसे बने रहते हैं। शाम ढलने के बाद भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। क्योंकि शाम 7 बजे तक भी तापमान 38 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है।

मौसम में आए इस अचानक और तीव्र बदलाव ने अब जनस्वास्थ्य के लिए भी खतरे की घंटी बजा दी है। गर्म हवाओं के निरंतर चलने से लू (हीटवेव) का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे मौसमी बीमारियां तेजी से पैर पसार रही हैं। अस्पताल में उल्टी, दस्त और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या में इजाफा होने लगा है। चिंता का विषय यह है कि जो तापमान अमूमन मई के अंत या जून की शुरुआत में देखा जाता था वह इस साल अप्रैल के मध्य में ही रिकॉर्ड किया जा रहा है।

अभी तो मई का पूरा महीना शेष है। ऐसे में आने वाले दिनों में गर्मी के तेवर और कितने तांडव दिखाएंगा यह सोचकर ही आम आदमी दहशत में है। वर्तमान हालात को देखते हुए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों को धूप से बचने और तरल पदार्थों का अधिक सेवन करने की सलाह दी है। क्योंकि प्रकृति इस बार बिल्कुल भी रहम करने के मूड में नजर नहीं आ रही है।

# यारनगर में वन-राजस्व विवाद गहराया, विधायक ने कलेक्टर से की हस्तक्षेप की मांग



**जागरण बुधनी।** बुधनी क्षेत्र के ग्राम यारनगर में वन भूमि और राजस्व भूमि के बीच चल रहा सीमा विवाद अब गंभीर रूप लेता जा रहा है इस मामले को लेकर क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गव ने जिला कलेक्टर सीहोर को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है विधायक ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सीमांकन नहीं होने के कारण आदिवासी ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। विधायक द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्राम यारनगर में वन भूमि और राजस्व भूमि के बीच आज तक स्पष्ट सीमांकन नहीं हो पाया है। इसी कारण वहां निवासरत आदिवासी किसान अपनी ही भूमि के उपयोग में कठिनाई का सामना कर रहे हैं। साथ ही वन विभाग के अधिकारियों द्वारा उन्हें अतिक्रमणकारी बताकर कार्रवाई की चेतावनी दी जा रही है।

पत्र में यह भी बताया गया है कि वन विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा इस संबंध में पूर्व में कई पत्राचार किए जा चुके हैं। इनमें ग्राम यारनगर के खसरा क्रमांक 31, 35, 37, 49 और 53, कुल 153.57 एकड़ भूमि के संबंध में जानकारी मांगी गई थी। लेकिन विधायक ने आरोप लगाया है कि बिना मौके पर निरीक्षण किए और बिना राजस्व अभिलेखों का सही परीक्षण किए ही उक्त भूमि को वन भूमि मानने की प्रक्रिया अपनाई गई, जो न्यायसंगत नहीं है। इस विवाद का सीधा असर ग्राम के विकास कार्यों पर भी पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण, आवास निर्माण और अन्य बुनियादी कार्य पूरी तरह बाधित हो गए हैं। साथ ही किसान अपनी जमीन पर खेती करने से भी डर रहे हैं। विधायक रमाकांत भार्गव ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि राजस्व विभाग और वन विभाग के नक्शों में भारी अंतर है, जिसके कारण यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि संबंधित भूमि किस विभाग के अधिकार क्षेत्र में आती है। इसी वजह से दोनों विभागों के बीच समन्वय की कमी बनी हुई है और स्थिति और जटिल हो गई है।

गौरतलब है कि ग्राम यारनगर की स्थापना स्वर्गीय रफीक अर्नाल्ड द्वारा की गई थी और वर्तमान में यहां निवासरत आदिवासी परिवारों की तीसरी-चौथी पीढ़ी रह रही है। ऐसे में उन्हें उनकी ही भूमि से बेदखल करने का प्रयास गंभीर चिंता का विषय बन गया है।विधायक ने कलेक्टर से मांग की है कि इस पूरे मामले में वन एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर सीमांकन कराया जाए, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। साथ ही उन्होंने यह भी मांग की है कि जब तक सीमांकन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक ग्राम यारनगर के आदिवासी ग्रामीणों के खिलाफ किसी भी प्रकार की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए।

## एसडीएम ने बाबरी घाट पर नाव संचालकों को दी दो-टूक चेतावनी



**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** जबलपुर के बरगी डैम में हुए हादसे से सबक लेते हुए शुक्रवार को प्रशासन ने नर्मदा घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम सुधीर कुमार कुशवाह ने बाबरी नाव घाट का औचक निरीक्षण किया और सुरक्षा मानकों में लापरवाही बरतने वालों को सख्त लहजे में चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने ठेकेदारों और नाविकों को कड़े शब्दों में हिदायत देते हुए कहा कि आपकी व्यवस्था से ज्यादा जरूरी हमारे लिए लोगों की जान है। लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि आप तय मानकों के अनुसार व्यवस्था नहीं संभाल सकते तो नाव का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद कर दें। उन्होंने निर्देश जारी करते हुए कहा कि नाव में निर्धारित क्षमता से एक भी व्यक्ति अधिक न बैठाया जाए। प्रत्येक यात्री के लिए लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य होगा। बिना जैकेट के यात्रा कराने पर ठेकेदार पर कार्रवाई होगी। नावों की तकनीकी जांच नियमित रूप से की जाए और केवल प्रमाणित व अनुभवी नाविक ही पतवार संभालें। घाटों पर चेतावनी बोर्ड, सुरक्षा बैरिकेडिंग और आवश्यक सूचना पट्ट लगाए जाएं ताकि यात्री संभावित खतरों के प्रति सजग रहें।

चूंकि इस वर्ष नाव घाट का ठेका नर्मदा के दूसरे छोर यानी होशंगाबाद जिले की सिवनी मालवा तहसील से हुआ है। लिहाजा एसडीएम सुधीर कुशवाह ने इस संबंध में सिवनी मालवा एसडीएम से भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने समन्वय बनाकर दोनों और के तटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार ने सीलकंठ घाट का मोर्चा संभाला। वहां भी ठेकेदारों को शासन के नियमों का पाठ पढ़ाया गया और स्पष्ट किया गया कि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में सीधी जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। एसडीएम ने बताया कि प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि नर्मदा नदी के अंदर चलने वाली नावों में सुरक्षा के व्यापक इंतजामों की निगरानी सतत की जाएगी। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर ठेका निरस्त करने और कानूनी कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटा जाएगा।

### अज्ञात आरोपी ने उड़ाए 15 हजार

**जागरण, इटारसी।** थाना पथरोटा अंतर्गत ग्राम पारछा में चोरी की एक वारदात सामने आई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी राज परते 26 वर्ष, निवासी ग्राम पारछा के बैग से किसी अज्ञात आरोपी ने 15 हजार रुपये नगद चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# केन्द्रीय कृषि मंत्री ने मामा बन बेटियों को दिया आशीर्वाद क्षेत्र को दी 40 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपलानी पहुंचे और आदर्श गोंड समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान एक और उन्होंने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया तो वहीं दूसरी और क्षेत्र के विकास के लिए लगभग 40 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण कर जनता को बड़ी सौगातें दीं। शिवराज सिंह चौहान ने नवदंपतियों को सुखमय जीवन का संदेश देते हुए कहा कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा मैं मानता हूँ कि जनता की सेवा ही भगवान की सच्ची पूजा है। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए भरोसा दिलाया कि आगामी वर्ष में इस आयोजन को और भी भव्य रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर बुधनी विधायक रमाकांत भार्गव, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा,रवि मालवीय सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

**बेटियों के लिए मामा का निर्णय, वापस होगा विवाह शुल्क:** सामूहिक विवाह सम्मेलन में भावुक होते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा मैं यहाँ मंत्री या नेता बनकर नहीं, बल्कि अपनी बेटियों के मामा के रूप में आया हूँ। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित प्रत्येक बेटी को अपनी और से 11-11 हजार रुपये की सप्रेम भेंट देने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने एक संवेदनशील निर्णय लेते हुए कहा कि जब मामा जीवित है, तो बेटियों के विवाह के लिए शुल्क क्यों लिया जाए। उन्होंने घोषणा की कि आयोजकों द्वारा शुल्क के रूप में ली गई 11-11 हजार रुपये की राशि वह स्वयं वहन करेंगे और यह राशि बेटियों को सप्रेम भेंट के रूप में उनके घर तक वापस पहुँचाई जाएगी। साथ ही बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उन्होंने प्रत्येकबेटियों को सिलाई मशीन भी भेंट की।

**विकास कार्यों का किया लोकार्पण, शिक्षा, धर्म और इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर:** दौरे के दौरान केन्द्रीय मंत्री ने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए करीब 40 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया। जिसमें जामुनिया कलां से बालागांव मार्ग पर सीप नदी पर 1008.88 लाख रुपये की लागत से निर्मित जलमग्नीय पुल का लोकार्पण किया। इससे नसरुल्लागंज, छीपानेर और हरदा मार्ग का सीधा संपर्क जुड़ेगा। जिससे लगभग 15 गांवों के किसान और छात्र लाभान्वित होंगे। इसके अतिरिक्त उन्होंने सातदेव पातालेश्वर मंदिर परिसर में गेट, सत्संग भवन, गौशाला और ध्यान कुटी 875 लाख रुपये,वासुदेव हनुमान कुटी में 154.61 लाख रुपये की लागत से निर्मित दो मंजिला दिवस बसेरा और बाउंड्री वॉल,लाड़कुई, गोपालपुर, बोरखेड़ा कला और खजूरीवन सहित विभिन्न शासकीय विद्यालयों में कक्ष निर्माण हेतु 747 लाख रुपये के कार्यों का लोकार्पण किया।

## सांदीपनि विद्यालय में समर कैंप हुआ प्रारंभ



**जागरण बुधनी।** शासन निर्देशानुसार एक मई से नगर के सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय बुध नी में समर कैंप का आयोजन विद्यालय प्राचार्य सुधा सालोमन और समर कैंप प्रभारी अनुपमा दुबे के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। आज पहले दिन समर कैंप की थीम हमारे खेल हमारी पहचान अंतर्गत बोकीया , शेर बकरी थीम आर्ट ऑफ क्राफ्ट अंतर्गत मुखौटे बनाना, थीम थिएटर हमारी कहानियां, अपने नाम की पर्चियां ढूंढना आदि अनेक गतिविधियां संपन्न हुई। विद्यालय प्राचार्य के उत्साह से उपप्राचार्य सुरेंद्र सिंह जामलिया, आयशा खान,खुशबू रैकवार,स्पोर्ट्स शिक्षक इरफान खान, आर्ट क्राफ्ट शिक्षिका सुनीता चाड़ोकर, शशांक पचौरी सुषमा चौहान चांदनी कुशवाह द्वारा स्वयं बच्चों की बीच रहकर थीम गतिविधियां करवाई गई जिससे बच्चों का ग्रीष्मकालीन समर कैंप में बच्चों का उत्साह आकर्षक था। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात समर कैंप की गतिविधियां प्रारंभ हुई। संस्था प्रभारी श्रीमती सुधा सालोमन द्वारा इस उत्साह से समर कैंप में विद्यार्थियों शिक्षकों के भाग लेने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि समर कैंप में नियमितता से शासन निर्देशानुसार गतिविधियां संपन्न होगी जिससे शासन द्वारा विद्यालयों में इस तरह के आयोजन से एक उत्साह का संचार होता है और आयोजनों की सार्थकता सिद्ध होती है।

### मंत्री ने किया श्री पातालेश्वर शिव लोक का लोकार्पण

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** आस्था आध्यात्म और विकास के संगम के साथ ग्राम सातदेव में पातालेश्वर शिव लोक का लोकार्पण संपन्न हुआ। केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सिद्ध स्थल पातालेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर सर्वप्रथम भगवान भोलेनाथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और तत्पश्चात नवनिर्मित शिव लोक को जनता को समर्पित किया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने क्षेत्र की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह सप्त ऋषियों की पावन तपोभूमि है, जहाँ स्वयं महादेव विराजमान हैं। पातालेश्वर महादेव के शिवलिंग की गहराई आज भी एक रहस्य है। माँ नर्मदा के सानिध्य वाली इस भूमि पर आक्रमणकारियों ने हमारे देवालयों को क्षति पहुँचाई थी।

### तेज रफ्तार वाहन ने मारी टक्कर, घायल

**जागरण, इटारसी।** शहर के व्यस्ततम कृष्णा होटल के सामने मेन रोड चौराहे पर एक सड़क हादसा सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, अज्ञात वाहन एमपी 40 बीएल 6418 के चालक ने वाहन को तेजी और लापरवाही से चलाते हुए राहगीर भोलाराम यादव को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में भोलाराम यादव गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मामले में फरियादी कन्हैयालाल यादव 28 वर्ष, निवासी खेड़ा की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया है।

**विवाह** | केसला में गूंजी 'जय सेवा' की गूंज, विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने जोड़ों को दिया आशीर्वाद,गाए गीत

# 28 जोड़े गोंडी रीति-रिवाज से मड़मिंग बंधन में बंधे



**जागरण, इटारसी।** समाज में फिजूलखर्ची और दहेज जैसी कुरीतियों पर प्रहार करते हुए, नर्मदापुरम जिले के केसला ब्लॉक में आदिवासी समाज ने एक नई मिसाल पेश की है। ग्राम डोवी तालपुरा स्थित पावन तिलक सेंदुर बड़ादेव ठाना में आयोजित भव्य सामूहिक 'मड़मिंग' (विवाह) सम्मेलन में 28 जोड़े बिना किसी दहेज के वैवाहिक सूत्र में बंधे।

### परंपरा और संस्कृति का अनूठा संगम

यह आयोजन केवल एक विवाह सम्मेलन नहीं, बल्कि गोंडी संस्कृति के पुनर्जागरण का प्रतीक रहा। विवाह की समस्त रस्में पूरी शुद्धता के साथ गोंडी रीति-रिवाज एवं नेंग-मिजानों के तहत हुईं। छिंदवाड़ा से आए तिरुमल खुमान सिंह इवनाती और बैतूल के तिरु मदन लाल चौहान के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय भूमका प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। यहां से प्रशिक्षित 22 भूमकाओं ने ही पूरे विवाह संस्कार को संपन्न कराया। पीले चावल, हल्दी की रस्म, मडा नेंग और सतरंगी झंडे की छांव में फड़ापेन सुमरनी के साथ जोड़ों ने दांपत्य जीवन की शुरुआत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रेम शंकर वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने न केवल जोड़ों को आशीर्वाद दिया, बल्कि गीत गाकर उनकी खुशियों में शामिल हुए। जिला सदस्य ब्रज किशोर पटेल, सहायक आयुक्त आशा मौर्य, मंजू धुर्वे महिला अध्यक्ष, महेश ठाकुर और विक्रम परते सहित कई नागरिकों ने उपस्थिति दर्ज कराई। आदिवासी सेवा समिति तिलक सिंदूर के पदाधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि बेटी किसी की भी हो, वह मान-सम्मान के साथ विदा होनी चाहिए। सामूहिक विवाह के इस माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को कर्ज के बोझ से मुक्ति मिली है और समाज में एकजुटता का भाव जागृत हुआ है। तिरुमाल वंशीलाल मर्सकोले अध्यक्ष, भूमका संघ ने कहा कि जिस समाज की जड़े मजबूत होंगी, वही समाज आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ सलाहकार जगदीश ककोड़िया, संरक्षक सुरेन्द्र धुर्वे, समिति अध्यक्ष बलदेव टेकाम, जितेंद्र इवने और अखिलेश इरपाचे सहित पूरी टीम का विशेष योगदान रहा। केसला का यह आयोजन सिद्ध करता है कि यदि समाज अपनी जड़ों की ओर लौटे और फिजूलखर्ची का त्याग करे, तो प्रगति का मार्ग स्वयं प्रशस्त हो जाता है।

### गाली-गलौज कर ब्लेड से किया हमला

**इटारसी।** थाना रामपुर गुर्रा के ग्राम गुर्रा में मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी देव कहार ने फरियादी रंजीत चौरे के साथ मां-बहन की गंदी गालियां देते हुए अभद्रता की और उन पर ब्लेड से हमला कर चोट पहुंचाई। आरोपी ने फरियादी को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने फरियादी रंजीत चौरे की शिकायत पर आरोपी देव कहार के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वृद्ध दंपती से मारपीट

**जागरण, इटारसी।** थाना पथरौटा के अंतर्गत ग्राम गोंची तरोंदा में एक वृद्ध दंपति के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी राजेश ठाकुर, योगेश ठाकुर और पूरन ठाकुर ने मिलकर फरियादी लक्ष्मी बाई 70 वर्ष और उनके पति शीतलदास चौरे 77 वर्ष के साथ उनके घर के सामने गाली-गलौज की। इस दौरान आरोपियों ने दंपती के साथ मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

### सट्टा पर्ची लिखते एक गिरफ्तार

**जागरण, इटारसी।** थाना पथरौटा पुलिस ने अवैध सट्टा कारोबार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत भवन के पीछे आरोपी राजेश लोंगरे पिता अनंतराम लोगरे सट्टा पर्ची लिख रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी के पास से सट्टा सामग्री और नगदी रुपए जब्त किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

राय साहब भंवर सिंह पब्लिक स्कूल
Knowledge is Power
22 Years of Excellence
प्रवेश प्रारम्भ
बदलते समय को ध्यान में रखते हुए कक्षा 11 में कृतिम बुद्धिमत्ता (AI) एक आधुनिक पाठ्यकम
यहाँ गणित, जीव विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी विषय उपलब्ध है।
प्ले ग्रुप से कक्षा 9वीं एवं 11वीं
कला,वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय
LONDON KIDS™
UK Concept International Preschool Chain
8602234080
8962807784
9425651620
Email : rsbspublic.school@gmail.com
भोपाल रोड़, भैरूंदा (नसरूल्लागंज) जिला सीहोर म.प्र.

### जनगणना चार्ज अधिकारी एवं पर्यवेक्षक ने नपाध्यक्ष मेवाड़ा को पुष्पगुच्छ भेंटकर किया कार्य प्रारंभ

# नगर में राष्ट्रीय जनगणना के प्रथम चरण में मकान होंगे सूचीबद्ध और भवनों की होगी गणना

**जागरण, आष्टा।** भारत सरकार के दिशा.निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय जनगणना के आगामी चरणों की प्रक्रिया स्थानीय नगर पालिका में आधिकारिक रूप से प्रारंभ हो गई हैं। जिसका नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा के निज कार्यालय पहुंचकर सीएमओं एवं चार्ज अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति, पर्यवेक्षक प्रियंका कर्मोदिया ने नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा को पुष्पगुच्छ एवं जनगणना बुकलेट भेंटकर इस महाअभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया।

सीएमओं विनोदकुमार प्रजापति ने नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके पश्चात चार्ज अधिकारी श्री प्रजापति ने नपाध्यक्ष श्रीमती मेवाड़ा को जनगणना की कार्ययोजना और इसके राष्ट्रीय महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा ने कहा कि जनगणना राष्ट्र के विकास की धुरी है। इसी के आधार पर भविष्य की कल्याणकारी योजनाओं का खाका तैयार किया जाता है। नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि जब प्रगणक उनके घर पहुंचे, तो उन्हें सही और सटीक जानकारी प्रदान कर इस राष्ट्रीय कार्य में अपना पूर्ण सहयोग दें। नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा ने कहा कि जनगणना देश की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण डाटा प्रक्रिया हैं।



जनगणना के आधार पर सरकार की योजनाएं बनती हैं, संसाधनों का वितरण तय होता है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की रणनीति तैयार होती है। आज भारत विश्व का सर्वाधिक आबादी वाला राष्ट्र हैं। यह जनगणना केवल राष्ट्रीय नहीं बल्कि वैश्विक महत्व की भी है। जनगणना का कार्य केवल प्रशासनिक प्रक्रिया तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाला सबसे व्यापक और निर्णायक अभियान हैं।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास से स्व-गणना पोर्टल पर प्रारंभिक पंजीकरण की स्व-गणना प्रक्रिया के साथ प्रदेश में जनगणना 2027 की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने कहा कि प्रदेश में जनगणना का शुभारंभ हो चुका हैं। ये सिर्फ आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र के भविष्य को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण कदम हैं। जनगणना देश की रीढ़ हैं, ये विकास की नींव हैं। इस बार की जनगणना डिजिटल और आधुनिक तकनीक के साथ की जा रही है। प्रदेशवासियों को इसमें पूर्ण निष्ठा और सत्यता के साथ भाग लेने की जरूरत है। ये जनगणना हमारे बच्चों के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सही आंकड़े बेहतर स्कूल, बेहतर अस्पताल और बेहतर अवसर प्रदान करने में सहायक होंगे। प्रदेश में स्व गणना का कार्य हुआ। अब 01 से 30 मई तक मकान सूचीकरण किया जाएगा। ये प्रक्रिया डिजिटल रूप से पूरी होगी। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने कहा कि जनगणना देश के विकास का एक दर्पण है। देश में पहली बार डिजिटल माध्यम से जनगणना होगी, इसके लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तैयार किया गया हैं। श्री मेवाड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में ऐतिहासिक जनगणना होगी और देश के लिए आदर्श मॉडल बनकर उभरेगा।

सीएमओं विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना के इस प्रारंभिक चरण में मुख्य रूप से मकानों का सूचीकरण और भवन गणना का कार्य किया जाएगा। इसके लिए नगर पालिका द्वारा प्रशिक्षित प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की टीमें गठित की जा चुकी हैंए जो घर-घर जाकर डेटा संकलन का कार्य करेंगी। इस अवसर पर जनगणना लिपिक, राजस्व प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, सरानि गबू सोनी, प्रगणक सुनील श्रीवास्तव, फील्ड इंजीनियर निर्मल विश्वकर्मा, पूरणसिंह मेवाड़ा, आशीष शर्मा आदि मौजूद थें।

## मोह सभी दुखों का कारण होता हैं : मिट्ठूपुरा सरकार



**जागरण, आष्टा।** बिना मेहनत कि संसार रूपी भवसागर से पर होना चाहते हो तो एकमात्र सत्संग का सहारा ले लो। बिना सत्संग और हरि कथा के बिना व्यक्ति का संसार से मोह भंग नहीं होता। और जब तक मोह ममता समाप्त नहीं होती, भगवान की प्राप्ति नहीं हो सकती। बिना सत्संग ना हरि कथा, तेहि बिन मोह न भाग। मोह गए बिनु राम पद होय ना दृढ़ अनुराग। क्योंकि मोह समस्त दुखों का कारण हैं। मोह सकल व्याधिन कर मूला। तीनतें ही उपजत बहुत सुला। इसलिए समय निकालकर भगवान की कथा अवश्य श्रवण करना चाहिए। उक्त बहुत ही प्रेरक संदेश सुशील अवलेसिया द्वारा शांति नगर मे आयोजित सात दिवसीय संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस व्यासपीठ पर विराजित संतश्री मिट्ठूपुरा सरकार ने व्यक्त किए।

कथा से पूर्व कलश यात्रा शीतला माता मंदिर मंडी गेट से कथा स्थल तक निकाली गई। आगे महाराजश्री द्वारा श्रीमद् भागवत करवाने की विधि और भागवत के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

संतश्री मिट्ठूपुरा सरकार ने बताया कि कथा प्रेत को भी मुक्ति देने वाली, जीव को जगदीश से जोड़ने वाली, कल्पवृक्ष रूपी अमर कथा हैं। भागवत पोथी साक्षात भगवान श्रीकृष्ण की वांग्मय प्रतिमा हैं। इसके श्रवण और दर्शन मात्र से ही कि कलयुग में जीव भवसागर से पर हो जाता है। धुंधकारी जैसे महान पापी प्रेत ने भी जब सात दिन तक एकाग्रचित होकर भागवत कथा श्रवण की तो उसको भी प्रेत योनि से मुक्ति मिली और अंत में चतुर्भुज रूप प्राप्त कर भगवान के धाम को गया। इसके अलावा ज्ञान भक्ति और वैराग्य की कथा को बड़े विस्तार से श्रवण करवाया। कि जब तक ज्ञान और वैराग्य नहीं है। तब तक भक्ति अधूरी है। इस अवसर पर शिव श्रीवादी, राघव राम, महेश अवेलसिया, प्रकाश मेवाड़ा, जगदीश प्रजापित, महेश, चंद्रपाल विश्वकर्मा, संतोष मालवीय सहीत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थें।

## रुद्राक्ष महोत्सव एवं 51 सामूहिक विवाह सम्मेलन स्थल का हुआ भूमि पूजन

**जागरण, आष्टा।** नगर में आयोजित होने वाले 11 लाख रुद्राक्ष महोत्सव, श्रीराम कथा एवं 51 कन्याओं के सामूहिक विवाह सम्मेलन के तहत मुकाती की बावड़ी में भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु, संत-समाज, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थें। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ मुख्य अतिथि स्वामी सत्यशेल जी महाराज ने विधिवत भूमिपूजन कर महोत्सव का शुभारंभ किया। धार्मिक अनुष्ठान पंडित गजेंद्र शास्त्री ने संपन्न कराए। इस दौरान पूरा परिसर हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा।

स्वामी सत्यशेल महाराज ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जाए एकता और संस्कारों का संचार करते हैं। रुद्राक्ष महोत्सव, श्रीराम कथा और सामूहिक विवाह जैसे आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। सेवा, समर्पण और संयम के बिना धर्म का मार्ग अधूरा हैं। स्वामी सत्यशेल महाराज ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी पहल बताया।



कार्यक्रम के प्रारंभ में सत्यजा सेवा समिति के प्रमुख एवं महोत्सव के सूत्रधार संजीव सोनी पांचम ने अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक विधियां संपन्न हुई, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। श्रद्धालुओं के लिए सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं भी की गई थीं।

जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आगामी 2 जून से 8 जून 2026 तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन और मर्यादा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। महोत्सव में 11 लाख रुद्राक्ष का निःशुल्क वितरण, 51 कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्मेलन, संतों के प्रवचन होगें। इस दौरान पूज्य साध्वी ऋतुंभरा देवी, पंडित धीरेंद्र शास्त्री सहित अन्य संत-महात्माओं का सान्निध्य प्राप्त होगा। इस आयोजन में सत्यजा सेवा संस्था, हिन्दू उत्सव समिति, शीतला माता मंदिर समिति, मानस भवन समिति, श्रीराम मंदिर बुधवारा समिति, महिला मंडल सहित नगर के विभिन्न संगठनों का सहयोग मिल रहा है। नगर के समाजसेवी शेषनारायण मुकाती एवं मुस्लिम समाज के सईद ने अपनी जगह भी समारोह के लिए उपलब्ध कराई। स्व. मांगीलाल साहू के पुत्र राजकुमार साहू एवं जितेंद्र साहू ने दानराशि देने की घोषणा की। अन्य दानदाता भी सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर दीपकदास जी त्यागी, नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, भाजपा नेता रायसिंह मेवाड़ा, पूर्व नपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेत्री डॉ. मीना सिंगी, पूर्व विधायक रघुनाथसिंह मालवीय, वरिष्ठ गल्ला व्यापारी मुकेश बड़ाजात्या, हिउस अध्यक्ष भूरू मुकाती, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, महंत हेमंत गिरी, पंकज यादव, सोनू गुणवान, संध्या बजाज, गुलाबबाई ठाकुर, विजयलक्ष्मी उपाध्याय, सविता सोनी आदि मौजूद थें। संचालन द्वारका सोनी ने तथा आभार जगदीश चौहान ने व्यक्त किया। आयोजन समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि आयोजन में भाग लें और तन, मन और धन से सहयोग देकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

## किसान भारतसिंह का सम्मान

**जागरण, जावर।** राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के निर्देशानुसार नरवाई फसल अवशेष जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। पर्यावरण संरक्षण एवं भूमि की उर्वरता बनाए रखने के उद्देश्य से शासन द्वारा नरवाई प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील जावर के कुंडिया धागा गांव के प्रगतिशील किसान भारत सिंह पिता पर्वत सिंह ने एक सराहनीय पहल करते हुए नरवाई प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। पटवारी शिवचरण रणकौशल द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर तहसीलदार ने पटवारी के साथ मौके पर पहुंचकर इस यंत्र की कार्यप्रणाली को देखा। किसान भारतसिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी एवं अपने परिवार की कुल 65 एकड़ भूमि में इस तकनीक के माध्यम से नरवाई प्रबंधन किया है। यह यंत्र कम लागत में अधिक क्षेत्र में प्रभावी कार्य करने में सक्षम है। प्रेस नोट के अनुसार बताया जाता हैं कि किसान ने टिमरनी क्षेत्र से पाटा नामक एक देशी जुगाड़ से निर्मित कृषि यंत्र खरीदा है। इस यंत्र की विशेषता यह है कि इसके निचले हिस्से में ब्लेड लगी होती है, जिससे ट्रैक्टर के माध्यम से खेत में चलाने पर नरवाई जड़ से कट जाती है। इसके पश्चात खेत में कल्टीवेटर या प्लाऊ चलाने से फसल अवशेष मिट्टी में मिल जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरता में वृद्धि होती है। शासन द्वारा नरवाई प्रबंधन को अपनाने हेतु किसानों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा कृषि यंत्रों पर सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है।

### पिकअप से टकराई तेज रफ्तार बाइक विवाह समारोह से लौट रहा किसान गंभीर



**जागरण शाजापुर।** रात के अंधेरे में सड़क किनारे खड़ी एक पिकअप में शादी समारोह से अपने घर लौट रहे युवा किसान की बाइक जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गनीमत रही कि डायल 112 की टीम समय पर पहुंच गई, जिससे घायल को त्वरित चिकित्सा सहायता मिल सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटना गुरुवार देर रात करीब 11.30 बजे बमोरी जोड़ के पास हुई। ग्राम चापड़िया निवासी 35 वर्षीय किसान लखन सिंह मेवाड़ा सलसलाई में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। रात में जब वह अपनी बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था, तभी बमोरी जोड़ के पास अंधेरे में सड़क किनारे खड़े एक पिकअप वाहन से उसकी तेज रफ्तार बाइक सीधे टकरा गई। बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन का टायर पंचर हो गया था, जिसके कारण चालक ने उसे सड़क पर ही खड़ा कर दिया था। रात का अंधेरा होने के कारण लखन सिंह खड़े वाहन का अंदाजा नहीं लगा पाया और हादसा हो गया।

**डायल 112 की तत्परता से मिली मदद**-हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम बिना समय गंवाए मौके पर पहुंची। ड्यूटी पर तैनात आरक्षक कुलदीप सिंह और पायलट देवेंद्र सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खून से लथपथ लखन सिंह को तत्काल अकोदिया के सिविल अस्पताल पहुंचाया। अकोदिया अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने किसान की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए शुजालपुर अस्पताल रेफर कर दिया।

### मां राजराजेश्वरी मंदिर प्रांगण में कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन

**जागरण शाजापुर।** मां राजराजेश्वरी मंदिर प्रांगण में प्रति माह की पूर्णिमा पर होने वाली परंपरा के अनुसार, इस बार भी मां वैष्णो देवी भक्त मंडल द्वारा कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया। शुक्रवार को किशोर सिंह राजीव ने विधिवत मंत्रोच्चार के साथ कन्याओं के चरण पखारे, उनका पूजन किया ।

## आईसीएसई-आईएससी परिणाम में महात्मा गांधी कॉन्वेंट स्कूल का शानदार प्रदर्शन रहा



**जागरण शाजापुर।** आईसीएसई एवं आईएससी बोर्ड परीक्षाओं के घोषित परिणामों में शहर के एकमात्र संबद्ध विद्यालय महात्मा गांधी कॉन्वेंट उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

विद्यालय प्रबंधक फादर जॉर्ज थोप्पिल के अनुसार इस वर्ष कक्षा 10वीं में 110 एवं कक्षा 12वीं में 83 छात्र.छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें अधिकांश ने शानदार अंक प्राप्त किए।

### कक्षा 10वीं आईसीएसई के परिणाम-

हर्षवर्धन सिंह राजपूत ने 96.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। रौनक पाटीदार 94.80 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं माही पिताल्जा 93.00 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।

### कक्षा 12वीं आईएससी के परिणाम

गणित.विज्ञान संकाय में अद्विक सक्सेना 91.25 प्रतिशत के साथ प्रथम सोम मंडलोई 89.00 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा अबूज़र खान 86.26 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

विज्ञान संकाय में रौनक श्रीवास्तव ने 94.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सैयद अरशान अली वारसी 83.00 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं प्रियंका गुर्जर 79.25 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।

वाणिज्य संकाय में आर्यवर्धन सिंह यादव 91.25 प्रतिशत के साथ प्रथम रहे। नैना पालीवाल एवं अयांश चौरसिया 87.25 प्रतिशत के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि रिदम ठाकुर 81.75 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।

विद्यालय के प्राचार्य साइमन सर ने बताया कि विद्यार्थियों की सफलता के पीछे विद्यालय की विशेष शैक्षणिक रणनीति एवं शिक्षकों का समर्पित मार्गदर्शन है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके

## शोध पूरा कर जापान से लौटे इसरो वैज्ञानिक काव्यांश का किया स्वागत



### हिरोशिमा यूनिवर्सिटी में 3महीने तक चला शोध

**जागरण शाजापुर।** एबी रोड स्थित कौटिल्य एज्यूकेशन एकेडमी के छात्र व इसरो वैज्ञानिक काव्यांश यादव का शुक्रवार को विद्यालय परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया। वे जापान से तीन माह बाद अपना शोध पूरा कर लौटे। जो अब देश के प्रदूषण की समस्या का समाधान खोज रहे हैं। यदि सब कुछ सही रहा तो जल्द ही इस समस्या का समाधान होगा और सभी को शुद्ध वातावरण मिलेगा।

गौरतलब है आज के समय में बढता प्रदूषण पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। इससे निपटने के लिए हाइड्रोजन सबसे प्रमुख वैकल्पिक ईंधन के रूप में उभर रहा है। इसी दिशा में एक शानदार कदम उठाते हुए काव्यांश ने अपनी डिग्री के तहत जापान की प्रतिष्ठित हिरोशिमा यूनिवर्सिटी में तीन महीने का एक अहम शोध प्रोजेक्ट पूरा किया है। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य हाइड्रोजन ईंधन में आयरन पाउडर को एक एडिटिव के रूप में इस्तेमाल करके इसकी दक्षता और ऊर्जा क्षमता को बढाना था। पर्यावरण के अनुकूल और स्वच्छ ऊर्जा को बडावा देने वाला यह अभिनव प्रयास भविष्य के हरित ईंधन परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव होगा।

### स्वागत कर दी शुभकामनाएं

अपने व्यस्ततम कार्यक्रम में से समय निकालकर काव्यांश शुक्रवार को शाजापुर लौटाए जिनका स्वागत विद्यालय संचालक ब्रजेश यादव व संचालिका शशि यादव, आर्यन यादव, प्राचार्य नरेंद्रसिंह डोडिया, प्रशासनिक समिति अधिकारी पंकज यादव ने स्वागत कर शुभकामनाएं दी। संचालक श्री यादव ने बताया कि हमारी शुभकामनाएं काव्यांश के साथ हैं जो देश के विकास में अपना योगदान देकर देशवासियों के विकास में अहम भूमिका निभाएगा।

## राजपूत समाज के सामूहिक विवाह में 19 जोड़ों ने लिए सात फेरे



**जागरण शाजापुर।** आजकल की शादियों में जहां दिखावे और बेतहाशा खर्च का चलन बढ़ता जा रहा है, वहीं शाजापुर के राजपूत समाज ने सादगी और एकजुटता की एक अनुकरणीय मिसाल पेश की है। समाज ने यह साबित कर दिया है कि बिना किसी तामझाम के भी वैवाहिक आयोजन भव्य और गरिमामय हो सकते हैं। इसी उद्देश्य के साथ शुक्रवार को आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में 19 जोड़ों ने एक ही मंडप के नीचे अपना नया जीवन शुरू किया, जिससे न सिर्फ कई परिवारों का आर्थिक बोझ कम हुआ, बल्कि समाज को एक नई दिशा भी मिली। बरवाल स्थित राजपूत समाज छात्रावास परिसर में 18वें सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। राजपूत समाज सामूहिक विवाह समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में 19 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। समाज के वरिष्ठजनों, परिजनों और रिश्तेदारों की मौजूदगी में सभी जोड़ों ने अग्नि के सात फेरे लेकर अपने नए वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर संत गोविंद जाने शामिल हुए। उनके सानिध्य और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वैवाहिक रस्में पूरी की गईं। विवाह बंधन में बंधे सभी नवविवाहित जोड़ों को संत ने अपना आशीर्वाद दिया और सुखी वैवाहिक जीवन के सूत्र बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समिति के वरिष्ठों ने बताया कि समाज द्वारा हर साल इस तरह के आयोजन किए जाते हैं। इस सामूहिक विवाह का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकता को और अधिक मजबूत करना तथा शादियों में होने वाले अनावश्यक खर्चों को कम करना है। इस पहल से विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिलती है और वे बिना कर्ज लिए अपने बच्चों का विवाह सम्मानजनक तरीके से कर पाते हैं।

### नवदंपतियों को भेंट किया गया गृहस्थी का सामान

कार्यक्रम के समापन पर समिति की ओर से नई शुरुआत करने जा रहे सभी 19 नवविवाहित जोड़ों को उपहार स्वरूप घरेलू उपयोग की वस्तुएं भेंट की गईं। समाज के लोगों और अतिथियों ने सादगीपूर्ण विवाह की इस परंपरा की जमकर सराहना की। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज बंधु, गणमान्य नागरिक और ग्रामीण क्षेत्र के लोग इस पुनीत कार्य के साक्षी बने।

### यात्रा पर जा रहे जायरीनों का किया स्वागत इस्तकबाल

**जागरण बेरछा।** मुस्लिम समाज के पवित्र तीर्थ स्थल मक्का मदीना की जियारत पर हज जा रहे हाजी रज्जाक लाला पूर्व सदर आयशा मस्जिद बेरछा मंडी एवं खजांची अनवर लाला का सपत्नीक इस्तकबाल हाजी मुन्ना पठान के नेतृत्व में किया गया। पुष्प माला पहनाकर शाल, श्रीफल भेंट कर बेरछा में हिंदू मुस्लिम एकता एवं सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की गई। पंडित महेश व्यास गुरुजी श्री राम मंदिर बेरछा, आयशा मस्जिद पेश इमाम हाजी अलाउद्दीन साहब, महंत घनश्यामदास गुरुजी गोपाल मंदिर बेरछा गांव आदि लोग इस अवसर पर मौजुद थें।

## असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**जागरण शाजापुर।** श्रमिकों को उनके कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से शुक्रवार को शाजापुर में एक विशेष पहल की गई। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार और सालसा, नालसा की योजनाओं के तहत, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कृषि उपज मंडी परिसर में श्रमिक विधिक सेवा अभियान के अंतर्गत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों ने हिस्सा लिया। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर के अध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी के कुशल मार्गदर्शन और प्राधिकरण की सचिव नमिता बौरासी के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के उस तबके तक कानून और न्याय की रोशनी पहुंचाना था, जो अक्सर जानकारी के अभाव में अपने अधिकारों से वंचित रह जाता है।मुख्य अतिथि ने दी कानूनी और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की पूर्व में मेरा नाम अलीअसगर (Aliasger) था जिसे बदलकर अलीअसगर चूड़ीवाला (Aliasger Chudiwala) कर दिया है, अब मुझे मेरे नए नाम अलीअसगर चूड़ीवाला (Aliasger Chudiwala) से जाना जावे।

अलीअसगर चूड़ीवाला-
Aliasger Chudiwala
पताः- ३०१, मीरकला बाजार, वार्ड.नं. ६, शाजापुर, जिला शाजापुर (म.प्र.)

## न्यूज कार्नर

### घर की छत पर फांसी लगाकर की खुदकुशी

**जागरण, देवास।** खजुरिया जागीर गांव में 55 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार सुबह सामने आई, जब परिजनों को इसकी जानकारी मिली। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खजुरिया जागीर निवासी गिरधारी लाल उम्र 55 वर्ष ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे उनकी पत्नी ने उन्हें घर की छत पर फंदे से लटका हुआ देखा। उन्होंने तत्काल परिवार के अन्य सदस्यों को इसकी सूचना दी। परिजन गिरधारी लाल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उनका पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के बेटे उज्वल चौहान ने बताया कि उनके पिता मटके बनाने का काम करते थे। गुरुवार रात को परिवार के सभी सदस्य भोजन करने के बाद सो गए थे। उज्वल के अनुसार, रात करीब 3 बजे तक सब कुछ सामान्य था और उनके पिता सो रहे थे।

### नितेश धाकड़ विधायक प्रतिनिधि मनोनीत

**जागरण माकडोन।** कांग्रेस नेता



एडवोकेट नितेश धाकड़ को क्षेत्रीय विधायक महेश परमार द्वारा माकडोन तहसील में विघुत विभाग में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति से कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त है। उक्त नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए कार्यकताओं ने विधायक महेश परमार का आभार व्यक्त किया है।उक्त जानकारी शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनीष शर्मा ने दी।

### गृहे - गृहे गायत्री महायज्ञ संपन्न



**जागरण महिदपुर ।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में सनातन संस्कृति के प्रतीक यज्ञ पिता गायत्री माता की साधना विगत वर्ष 2016 से निरंतर प्रति वर्ष वैशाख पूर्णिमा पर संपूर्ण विश्व में गृहे गृहे गायत्री यज्ञ का आयोजन होता रहा है इसी क्रम में नगर महिदपुर में भी करीब 150 परिवारों द्वारा संस्कार,सद्भाव और नव सृजन के संदेश के साथ समर्थ एवं शक्तिशाली राष्ट्र हेतु आहुतियां प्रदान की गई गायत्री परिवार के तहसील समन्वयक श्री सुभाष दुबे द्वारा बताया गया कि एक ही दिन में हजारों परिवार द्वारा यज्ञ में आहुतियां प्रदान करने से हर घर में गायत्री मंत्र का प्रकाश यज्ञ की पवित्रता के साथ संस्कार, संस्कृति और साधना एवं सुख समृद्धि ,स्वास्थ्य, सद्बुद्धि का प्रकाश भी हर घर में पहुंचा है इस अभिनव प्रयोग से हमारा राष्ट्र भी सशक्त और समृद्ध होकर गायत्री की चेतना से प्रकाशित होगा।आज के इस अवसर पर प्रस्तावित शक्तिपीठ स्थल पर भी यज्ञ का आयोजन किया गया पश्चात उज्जैन से पधारे जिला समन्वयक राम प्रसाद जी सरिया द्वारा भी यज्ञ की महिमा को प्रतिपादित किया गया ।

### वैशाखी पूर्णिमा पर किया ध्वजारोहण

**जागरण, महिदपुर।** ग्राम नारायणा स्थित श्रीकृष्ण सुदामा धाम में शुक्रवार को वैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के पावन पर्व पर भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रातः भगवान श्रीकृष्ण सुदामा का विशेष अभिषेक पुजारी नारायण शर्मा, पुजारी मनीष शर्मा, पुजारी अर्जुन, शर्मा, पुजारी चेतन गुरु द्वारा किया गया। अभिषेक और पूजन के पश्चात भगवान श्री कृष्ण और सुदामा जी का मनमोहक श्रृंगार सुन्दर पगड़ी पहनाई गई।

प्रातः 10 बजे ध्वज का चल समारोह ढोल नगाड़े और बैंड बाजे के साथ मंदिर से गांव में भ्रमण के लिए निकला जिसका गांव में जगह-जगह स्वागत किया गया। संपूर्ण गांव में भ्रमण कर श्रद्धालु नाचते गाते 11=30 बजे मंदिर के मुख्य द्वार पर पहुंचे जहां मंदिर के मुख्य पुजारी प्रेमनारायण शर्मा ने ध्वजारोहण के लाभार्थी रामसिंह चौधरी पिपल्याहामा को तिलक लगाकर ध्वजपूजन किया।

दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण कर महाआरती हुई और चने -चावल की प्रसादी का वितरण एवं भंडारा हुआ।



# सगाई तोड़ने के विवाद में दंपति का अपहरण कर जूते-चप्पलों से पीटा, वीडियो वायरल

## बंजारा समाज के दंपति को बंधक बनाकर किया अपमान

**जागरण,** सोनकच्छ। उज्जैन से गमी समारोह में शामिल होकर लौट रहे बंजारा समाज के दंपति को रास्ते में रोककर आरोपियों ने जबरन गाड़ी में बैठा लिया, टीबूपुरा ले जाकर जमकर मारपीट की और जूते-चप्पल का हार पहनाकर घुमाया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। प्राप्त जानकारी अनुसार सगाई तोडने के विवाद में भटकुंड के पास चैबारा जागीर रोड पर भादरसिंह व उसके साथियों ने उज्जैन निवासी हिम्मतसिंह (50) व उनकी पत्नी लीलाबाई को रोककर मारपीट की और एक कार में बैठाकर सीहोर के ग्राम टीबूपुरा ले गए। वहां बाबुसिंह के घर पर आरोपियों ने दंपति को गालियां दीं, जमकर पिटाई की, जूते-चप्पल का हार पहनाया और आज इनको खत्म कर देंगे कहकर बंधक बना लिया। सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहूंची, दंपति को छुड़ाया और थाना सिद्दकीगंज ले गई। बाद में

**पुलिस ने मुक्त कराया**

पुलिस उन्हें लेकर थाना सोनकच्छ पहुंची, जहां फरियादी हिम्मतसिंह ने रिपोर्ट लिखाई। आरोपियों ने कहा तुमने बच्ची की सगाई तोड़कर समाज में हमारी इज्जत खराब कर दी। पुलिस ने भादर, बाबुसिंह, प्रभु व गोरा बंजारा सभी निवासी टीबूपुरा सीहोर के विरुद्ध धारा 126(2), 137(2), 140(2), 296(बी), 351(3), 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज कर पीड़ितों का उपचार कराया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# देवास की बेटी का राष्ट्रीय स्तर पर जलवा आर्या शुक्ला ने पाया प्रथम स्थान



**जागरण, देवास।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में आयोजित प्रतिष्ठित रेवा महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर की संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता में देवास की बेटी आर्या शुक्ला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में 11 से 15 वर्ष तक की कत्थक केटेगरी में आर्या ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। उनकी भाव-भंगिमा, लय और तकनीकी दक्षता ने निर्णायकों को प्रभावित करते हुए उन्हें प्रथम स्थान दिलाया।इस उपलब्धि से देवास शहर में खुशी का माहौल है। परिजनों, गुरुओं और शहरवासियों ने आर्या को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।आर्या की इस सफलता ने देवास का नाम राष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया है और अन्य युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी है।

# ट्रक से लाखों रुपए चुराने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार, 1 लाख 85 हजार 850 रुपए जब्त



**जागरण, देवास।** एक किसान के मिनी ट्रक से लाखों रुपए चुराने वाले आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने अपनी पहचान छिपाने के लिए हेलमेट पहना था, लेकिन उसकी एक अनोखी आदत ने उसे पुलिस की गिरफ्त में ला दिया। वह बाइक चलाते समय अपनी उल्टे हाथ की छोटी उंगली में चाबी का छल्ला बाहर लटकाकर रखता था, इसी के चलते पुलिस आरोपी तक पहुंची। प्रेसवार्ता में एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया ने बताया कि 29 अप्रैल को ग्राम धारूखेड़ी निवासी सागर पिता जितेंद्र नागर ने नाहर दरवाजा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि अनाज मंडी देवास में फसल बेचकर मिली नगदी अपने मिनी ट्रक की डिक्की में रखकर घर लौटते समय राजोदा रोड स्थित पेट्रोल पंप पर पानी लेने रुके थे। वापस लौटने पर डिक्की खुली मिली और नगदी गायब थी।थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक सोनी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान, पुलिस ने तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के साथ-साथ मुखबिर तंत्र और डिजिटल सर्विलांस का उपयोग किया। टीम ने घटनास्थल और संभावित मार्गों के 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसी दौरान, एक संदिग्ध की पहचान उसकी खास उंगली में छल्ला पहनकर बाइक चलाने की आदत से हुई।पुलिस ने आरोपी राजा उर्फ अब्दुल रजाक उम्र 51 वर्ष निवासी आर्य समाज मार्ग, उज्जैन को गिरफ्तार किया। आरोपी वर्तमान में देवास की लाइफ स्टाइल कॉलोनी पार्ट-2 में रह रहा था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने उज्जैन में भी तीन चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 लाख 85 हजार 850 रुपए नकद, घटना में प्रयुक्त स्कूटर और हेलमेट बरामद किया है।एएसपी भदौरिया ने बताया कि आरोपी ने मंडी से ही किसान की रेकी की थी और लगातार पीछा करते हुए मौका मिलते ही वारदात को अंजाम दिया। कार्रवाई में थाना प्रभारी आलोक सोनी, उपनिरीक्षक गणेशलाल जटिया, प्रधान आरक्षक नितेश द्विवेदी, रवि भदौरिया, यशवंत तोमर, आरक्षक नवदीप, योगेंद्र, विकास पटेल, धर्मेंद्र सहित सायबर सेल प्रभारी शिवप्रताप सिंह सेंगर, सचिन चौहान और गीतिका कानूनगो की सराहनीय भूमिका रही।

# चश्मदीद नहीं, डीएनए बना गवाह : 5 साल पुराने हत्याकांड में दो दोषियों को सजा

## मुख्य आरोपी को उम्रकैद, दूसरे को 3 साल का सश्रम कारावास; वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आया फैसला

**जागरण, देवास/** कन्नौद। जिले के कन्नौद थाना क्षेत्र में 5 वर्ष पुराने बहुचर्चित हत्या मामले में विशेष एससी/एसटी न्यायालय ने महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए दो आरोपियों को दोषी ठहराया है। इस मामले की खास बात यह रही कि कोई चश्मदीद गवाह नहीं होने के बावजूद अदालत ने डीएनए रिपोर्ट और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्यों को आधार मानते हुए सजा सुनाई।

शुक्रवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौम्या जैन ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि 26 जून 2019 को ग्राम किलोदा बी के एक खेत में अज्ञात शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने जांच प्रारंभ की थी। बाद में मृतक की पहचान गणेश धुर्वे के रूप में हुई।

जांच के दौरान सामने आया कि मृतक और आरोपी एक ही स्थान पर कार्यरत थे तथा वेतन को लेकर विवाद के चलते उनके बीच रंजिश हो गई थी। इसी रंजिश के चलते मुख्य आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर लोहे के एंगल से हमला कर हत्या कर दी और साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को नदी किनारे फेंक दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से खून से सने कपड़े और घटना में प्रयुक्त लोहे का एंगल जब्त किया। इन साक्ष्यों को डीएनए जांच के लिए भेजा गया, जिसमें आरोपियों की संलिप्तता प्रमाणित हुई।

अदालत ने साक्ष्यों और अभियोजन की मजबूत पैरवी के आधार पर मुख्य आरोपी को आजीवन कारावास तथा दूसरे आरोपी को 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई। उल्लेखनीय है कि यह मामला दर्शाता है कि आधुनिक वैज्ञानिक जांच तकनीकों के माध्यम से बिना चश्मदीद गवाह के भी अपराधियों को सजा दिलाई जा सकती है।

### टिकेंद्र किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष बने

**देवास।** भाजपा किसान मोर्चा के



प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने बागली विधानसभा के युवा नेता टिकेंद्र प्रताप सिंह को किसान मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है उनकी नियुक्ति पर स्नेहिजनों ने बधाई दी है

# पिपरी में कलेक्टर की विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई लापरवाही पर सब इंजीनियर व दो पटवारी निलंबित

**बिजली करंट से झुलसे पीड़ितों को 25-25 हजार की राशि प्रदान की**

**बरसात में मकान ढहने से प्रभावित को 25 हजारकी सहायता दी**

**विकासखंड स्तरीय प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए**



**जागरण, देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह द्वारा ग्राम पिपरी में विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने अपनी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कलेक्टर द्वारा मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई के दौरान बागली विधायक श्री मुरली भंवरा भी उपस्थित थे। जनसुनवाई में जिला अधिकारियों ने स्टॉल लगाकर विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह ने कार्य में लापरवाही बरने वालों पर एक्शन लेते हुए कार्यवाही की। जिसमें पेयजल संबंधी आवेदनों की जांच में पीएचई विभाग के सब इंजीनियर वैष्णवी भावसार द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर श्री सिंह ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया। कलेक्टर श्री सिंह ने फौती नामांतरण कार्य में विलंब और असंतोषजनक कार्यप्रणाली के चलते पटवारी सूरज गंगवाल एवं नवनीत पुरंदरे को निलंबित किया गया। बिजली के टूटे हुए पोल को समय पर ठीक न करने पर जेई डी. एस. परिहार को शोकाज नोटिस देने एवं लाइनमैन कृष्णकांत बघेल की 15 दिन की सैलरी काटने के निर्देश दिए।

विकासखंड स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर श्री सिंह ने बिजली करंट से झुलसे पीड़ितों श्री शिवराम बघेल और चैन सिंह को 25-25 हजार रूपये की आर्थिक राहत राशि प्रदान की गई। वहीं, बरसात में मकान ढह जाने से प्रभावित नान सिंह कन्नौज को 25 हजार रूपए की सहायता दी गई। गोपाल सेन को सोसाइटी में जमा अंश राशि प्राप्त न होने पर कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह द्वारा 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने जनसुनवाई में राजस्व, पानी, सामुदायिक पट्टा, पेंशन, आंगनबाड़ी केंद्र, किसान सम्मान निधि, बंटवारा, प्रधानमंत्री आवास, पात्रता पर्ची बनवाने संबल योजना, सड़क अतिक्रमण हटाने से जुड़े प्राप्त आवेदनों का अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में नए पात्र किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरित किए गए। कलेक्टर श्री सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले, यह सुनिश्चित किया जा रहा है और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न कराड़ीया परी बनी विजेता



**जागरण, सोनकच्छ।** गुरुवार को ग्राम पिपलिया बक्सु में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास की 20 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कराड़ीया परी टीम विजेता रही। जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरजसिंह ठाकुर ने विजेता टीम को 21,000 रुपए एवं ट्रॉफी भेंट की। उपविजेता टीम पिपलिया बक्सु को पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रायसिंह सोलंकी ने 11,000 रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। तृतीय स्थान खोखरिया टीम ने प्राप्त किया, जिसे सरपंच राजेंद्र वर्मा ने 5,100 रुपए व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार राजकुमार सेंधव को प्रदान किया गया, वन विभाग के नाकेदार रवींद्र सोनी ने उन्हें 1,100 रुपए एवं ट्रॉफी भेंट की। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष ठाकुर थे। इस अवसर पर राजेंद्र सायल, राहुल सोलंकी, नरेंद्रसिंह नाकेदार, विजेंद्र पटेल सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# दिव्यांग सेवा और सामाजिक समर्पण के प्रतीक बने लॉयन डॉ. पंकज मारू



**जागरण नागदा ।** लायन्स अंतराष्ट्रीय डिस्ट्रिक्ट 3233-जी2 के गत दिनों उज्जैन में आयोतिज दो दिवसीय कन्वेंशन में वाइस डिस्ट्रिक्ट गर्वनर प्रथम निर्वाचित होने पर गुरूवार को दिव्यांगजनों के हितार्थ एवं कल्याणार्थ कार्यरत संस्था स्नेह एवं लायन्स क्लब नागदा ग्रेटर के संयुक्त तत्वाधान में पीएमजेएफ लॉयन डॉ. पंकज मारू का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। श्रीराम कॉलोनी स्थित स्नेह परिसर में आयोजित इस गरिमामय आयोजन में कर्नाटक के महामहिम राज्यपाल डॉ. थावरचन्द गेहलोत, विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान, म.प्र. कर्मकार बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सुल्तानसिंह शेखावत, पूर्व विधायक दिलीपसिंह शेखावत, दिलीपसिंह गुर्जर, जितेन्द्र गेहलोत, लायन्स पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने बडी संख्या में शिरकत की। लायन्स क्लब नागदा ग्रेटर के अध्यक्ष लॉयन डॉ. हिमांशुदत्त पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। पश्चात अतिथियों का स्वागत स्नेह एवं लायन्स परिवार द्वारा दुपट्टा एवं माला पहना कर किया गया। स्नेह के नन्हें-नन्हें बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुती दी गई। बिटिया सोनू मारू द्वारा पापा लॉयन मारूजी के जन्मदिवस के अवसर पर गीत पर नृत्य की प्रस्तुती नेसभी का मनमोह लिया।

लायन्स क्लब नागदा ग्रेटर के अध्यक्ष लॉयन डॉ. पाण्डेय के नेतृत्व में सचिव लॉ. इंजी. रोहित प्रजापत, कोषाध्यक्ष लॉयन सलीम खान, वरिष्ठ लॉयन सतीश बजाज, मुकेश जैन, अशोक शर्मा तेजपालसिंह जवेरिया, रवि कुमार चौहान आदि की उपस्थिति में राज्यपाल डॉ. गेहलोत के करकमलों से लॉयन डॉ. मारू को पगडी, माला पहना कर एवं स्मृति चिन्ह एवं ड्रायफ्रुट का पैकेट प्रदान कर सम्मानित कर स्वागत किया गया।

# संभागायुक्त व कलेक्टर ने ढाबा रोड मार्ग का किया निरीक्षण जलभराव रोकने के साथ यातायात सुगम बनाने पर दिया जोर

## पहले नाली का निर्माण करें, फिर सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जाए



**जागरण उज्जैन।** सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में है। नियमित निरीक्षण के तहत शुक्रवार को संभागायुक्त और कलेक्टर ने टंकी चौराहे से ढाबारोड़ तक चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य का जायजा लिया और मौके पर ही जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त आशीष सिंह सिंह और कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने साफ तौर पर कहा कि सड़क चौड़ीकरण से पहले एक ओर नाली निर्माण पूरा करना अनिवार्य है।

उन्होंने इंजीनियरों को निर्देशित किया कि पहले पानी का उचित शिफ्टिंग कर नाली बनाई जाए, ताकि जलभराव की स्थिति न बने और पानी सुचारू रूप से बाहर निकल सके। इसके बाद ही दूसरी ओर का निर्माण कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने नाली निर्माण में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने को कहा और स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही इंजीनियरों को मौके पर उपस्थित रहकर कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि निर्माण कार्य के दौरान स्थानीय रहवासियों को आवागमन में परेशानी न हो। वैकल्पिक व्यवस्था और सुरक्षा उपायों पर भी जोर दिया गया। सिंहस्थ-2028 के दौरान उज्जैन के पुराने शहर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ेगी और साधु-संतों की पेशवाई भी निकलेगी। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मार्ग चौड़ीकरण कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि ढाबारोड़ मार्ग पर एक ओर करीब 200 मीटर प्रीकास्ट नाली का निर्माण किया जा चुका है और शेष कार्य तेजी से जारी है। आने वाले कुछ दिनों में नाली और पाइपलाइन डालने का काम पूरा कर लिया जाएगा।